(ग) यदि हां, तो क्या डीजल इंजन की क्षमता 16 डिब्बों को खींचने की होती है ;

(घ) क्या यह सच है कि इस गाड़ी के साथ 4 और अतिरिक्त डिब्बे लगाने की लोगों ने मांग की है ; और

(ङ) यदि हां, तो द्वितीय श्रेणी के चार और डिब्बे कब तक लगा दिए जाने की सम्भावना है ?

रेल मंत्रालय एवं संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ङ). 137/138 बिलासपुर-हजरत निजामुद्दीन-छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस इस समय अपने वर्तमान मार्ग पर 16 सवारी डिब्बों की अधिकतम क्षमता के साथ डीजल रेल इंजन द्वारा चलायी जा रही है। बिलासपुर से यह गाड़ी 11 सवारी डिब्बों के साथ चलती है और रायपुर में 4 वालतेरु-निजामुद्दीन स्लिप कोच इसके साथ लगाये जाते हैं जिससे इनकी कुल संख्या 15 सवारी डिब्बे हो जाती है । इसके अतिरिक्त इस गाड़ी के साथ हावड़ा और भोपाल के बीच सप्ताह में दो बार चलने वाला एक स्लिप कोच तथा परसिया और निजामुद्दीन के बीच सप्ताह में एक वार चलने वाला एक स्लिप कोच लगाया जाता है। इस प्रकार इन दिनों इस गाड़ी के साथ चलने वाले कुल सवारी डिब्बों की संख्या 16 हो जाती है। इसलिए, नियमित आधार पर इस गाड़ी के साथ अतिरिक्त सवारी डिब्बे लगाये जाने की गुंजाइश नहीं है।

तथापि, हो सकता है कि कभी-कभार सवारी डिब्बों की कमी के कारण इस गाड़ी के साथ कम सवारी डिब्बे चलाये गये हों। इस गाड़ी को निर्धारित संख्या में सवारी डिब्बों के साथ चलाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाता है।

डल्ली-राजहरा-जगदलपुर लाइन का सर्वेक्षण

830. **श्री लक्ष्मण कर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में डल्ली-राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या चालू वित्तीय वर्ष के बजट में इस रेल लाइन को आदिवासी क्षेत्र में बिछाने का प्रावधान किया गया है ; और

(ग) क्या सरकार की नीति आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में रेल लाइनों को बिछाने को प्राथमिकता देने की है ?

रेल मंत्रालय एवं संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) जी हां।

(ख) जी नहीं।

(ग) यद्यपि आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में नयी रेलवे लाइन बिछाने की आवश्यकता को काफी महत्व दिया जाता है, फिर भी धन की अपर्याप्तता के कारण यह आवश्यक हो गया है कि चालू परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मौजूदा संसाधनों का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग किया जाए।

Setting up corporation to cultivate herbs

831. SHRI PIUS TIRKEY: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have set up a Corporation to cultivate herbs for the manufacture of Unani, Ayurvedic and Sidha medicines;

(b) the number of projects to be launched under this corporation;